हत्या के प्रयास मामले में दो हिस्ट्रीशीटर सहित सात गिरफ्तार

मुकुंदगढ़, (निसं)। स्थानीय पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में दो हिस्ट्रीशीटर सहित सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों का मुकुंदगढ़ बाजार में पैदल जुलूस निकाल मौका तस्दीक करवाया।

मुकुंदगढ़ थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि मुकुंदगढ़ थाने में परिवादी मनीष कुमार ने रिपोर्ट दी कि 28 जून को वह अपने साथी से मिलने जा रहा था तभी चार कैंपर और दो पिकअप गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। हिस्ट्रीशीटर

■ **पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है**

अरविंद और मनोज महला और उसके साथियों ने लाठियों और सरियों से उस पर हमला किया। जिसके कारण उसे गंभीर चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अरविंद, मनोज महला और उसके साथी संदीप, दिनेश, राजेश, पंकज व कुलदीप को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बदमाशों का बाजार में जुलूस निकालते हुए मौका तस्दीक करवाया। गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा के निर्देशन पर कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी रमेश कुमार मीणा के नेतृत्व में एएसआई मुबारिक अली ने कार्यवाही करते हुए बलरिया निवासी मनोज महला, डूमरा निवासी अरविंद कुमार, कुलदीप सिंह, दिनेश कुमार उर्फ धनिया, संदीप उर्फ कालिया बलरिया निवासी राजेश कुमार, पुलिस थाना दादिया बेरी निवासी पंकज रुमानियां को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रमेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों को तलाश करने के लिए मुकुंदगढ़, डूंडलोद, नवलगढ़, सीकर सहित आरोपियों के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूर्व में एक आरोपी रजनीश उर्फ बुलिया को गिरफ्तार कर जेसी करवाई जा चुकी है। थानाधिकारी रमेश कुमार मीणा के नेतृत्व में एएसआई मुबारिक अली व पुलिस टीम ने हिस्ट्रीशीटर अरविंद व मनोज महला सहित गिरफ्तार 7 आरोपियों को मंडी सर्किल से रेलवे स्टेशन तक तथा कसेरू व डूमरा में शिनाख्त परेड करवाई।

पुलिस ने बदमाशों का मुकुंदगढ़ बाजार में पैदल जुलूस निकाल मौका तस्दीक करवाया।

दो बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना में बालश्रम करवाने पर पुलिस ने देर शाम को कार्रवाई करते हुए चाट की दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान पुलिस ने दो बाल श्रमिकों को भी मुक्त करवाकर व्यापारियों को बाल श्रम नहीं करवाने के निर्देश दिए हैं। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि चिल्ड्रन फाउंडेशन के आशीष सोनी ने थाने पर उपस्थित होकर सूचना दी कि सिंघाना कस्बे में व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों पर बच्चों द्वारा मजदूरी कर उनका शोषण किया जा रहा है, जो सरकार के नियमों के खिलाफ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजर्षि राज वर्मा ने एक विशेष टीम का गठन कर कस्बे की दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस की टीम ने कस्बे की दुकानों पर बाल श्रम को लेकर तलाशी अभियान चलाया गया। कस्बे के बाइपास सर्किल पर चाट की दुकान पर दो बाल श्रमिक काम करते पाए गए। इस दौरान जब पुलिस की टीम ने चाट की दुकान के संचालक से बच्चों से करवाई जा रही मजदूरी को लेकर पूछताछ की गई तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने बाल अधिनियम में कार्रवाई करते हुए चाट की दुकान संचालक आबैरेया उत्तर प्रदेश निवासी महेश पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार कर लिया।

ईमानदारी का परिचय दिया

सुजानगढ़, (निसं)। झंवर रोड स्थित आंचल क्रियशन के शकील भाटी एवं एजाज भाटी ने सोने का आभूषण लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। पुजारी मार्केट के पास स्थित सुरेश आईसक्रीम के पास शकील भाटी को सोने का आभूषण मिला। जिस पर उसने बसंत प्रजापत को बताया और टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार को सूचना दी। जिस पर सोशल मीडिया पर पोस्ट लगाई गई, जिसे देखकर ज्योतिषाचार्य सुरेन्द्र नामदेव ने सोने का आभूषण अपनी बेटी का होना बताया। इस पर स्वर्णकार, अरविन्द विश्वेन्द्रा तथा सुरेन्द्र नामदेव शकील भाटी के पास उनकी दुकान पर गये। जहां शकील भाटी व एजाज भाटी ने सुरेन्द्र नामदेव को उनका सोने का आभूषण लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया।

नगरपरिषद द्वारा वृक्षारोपण आज

सुजानगढ़, (निसं)। नगरपरिषद द्वारा आज बुधवार को सालासर रोड स्थित एमबीएम राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन में वृक्षारोपण किया जायेगा। नगरपरिषद आयुक्त दिलीप शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान, हरियालो राजस्थान एवं एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया जायेगा।

सार-समाचार

मिर्गी के 525 रोगियों को दवाई दी

चूरू, (कासं)। पिछले 30 वर्षों से प्रतिमाह के पहले मंगलवार को लगने वाला निःशुल्क मिर्गी निदान शिविर आज रतननगर में सम्पन्न हुआ। त्रिवेणी देवी सुरेका चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में यह 360वें शिविर में 525 रोगियों का इलाज कर पूरे माह की दवाई निःशुल्क वितरित की गई। कैम्प के मुख्य न्यूरोफिजिशयन डॉ. आरके सुरेका ने बताया कि 30 वर्षों के उनके अनुभव साझा कर हाल ही में उन्होंने नई वेबसाइट लॉन्च की है। इस वेबसाइट के जरिये मिर्गी रोगी अपनी बीमारी का विवरण चिकित्सक से साझा कर इलाज पा सकते है। इस कैम्प में डॉ. रोहित सुरेका, डॉ. रक्षित सुरेका, डॉ. जयसिंह, डॉ. सरीन, डॉ. गौरी, ताजू खान आदि ने सहयोग दिया।

भाजपा की प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी आज

चूरू, (कासं.)। भाजपा की प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत शिरकत करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी रवि दाधीच ने बताया कि बुधवार शाम 4.30 बजे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी आयोजित होगी, जिसे जिले के प्रभारी मंत्री व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

शिक्षण सामग्री वितरित

चूरू, (कासं)। रा.उ. प्राथमिक विद्यालय सिमसिया पुरोहितान में पर्यावरण प्रेमी अमर सिंह किशनावत व मनीषा चारण के सौजन्य से जरूरतमंद 15 विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार एचरा ने की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षक दंपति के सौजन्य से आज विद्यालय में खोले गए मिनी स्टेशनरी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद 15 छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। इस अवसर पर श्रीमती अंजना शर्मा, संजय कुमार, राकेश, सीताराम, चुन्नीलाल, मनी राम, मंजू, मघी अध्यापक उपस्थित थे।

इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड के लिए तीन छात्राओं का चयन

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सी.सै. स्कूल की तीन छात्राओं का इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड में चयन होने पर जबरदस्त खुशी का माहौल देखते ही बन रहा था।

संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने बताया कि संस्था की दिव्या कंवर पुत्री राजेंद्र सिंह (सामान्य वर्ग), ज्योति पुत्री बजरंगलाल (विशेष पिछड़ा वर्ग) और लक्ष्मी पुत्री राधेश्याम (अनुसूचित जाति) का माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदत्त इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के साथ असमानताओं को कम करना तथा उनमें आर्थिक स्वायत्ता प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है। यह पुरस्कार प्रत्येक जिले में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में (विभिन्न श्रेणियों) टॉप करने वाली छात्राओं को प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के तहत एक लाख रूपए नकद तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने छात्राओं को बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बताया कि इस वर्ष 12वीं विज्ञान वर्ग बोर्ड परीक्षा परिणाम में संस्था नें राज्य में नए आयाम स्थापित किए। उसी का परिणाम है कि इस वर्ष 32 विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड एवं तीन छात्राओं का विभिन्न श्रेणियों में इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड के लिए चयन हुआ है। जो अपने आप में गौरवान्वित करने वाला क्षण है। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र कुमावत, धर्मेंद्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्रसिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, नरेशकुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, ऋतिका बहुगुणा, सरिता कुमारी, पूनम जांगिड़, दिव्या रोहिला, राकेश, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थें।

कुंड में गिरने से युवक की मौत

सादुलपुर, (निसं)। शहर के निकटवर्ती गांव मांगला के नजदीक पानी के कुंड में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिसको लेकर मंगलवार को मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि रमन सोनी निवासी वार्ड नंबर 32 ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि पांच अगस्त को शाम 3.30 बजे वह तथा उसका भाई हेमंत किशनपुरा स्थित अपने खेत को देखने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। मांगला गांव के पास पहुंचने पर हेमंत ने मोटरसाइकिल रोक ली और उसे कहा कि प्यास लगी है। पानी पीना है, यह कहकर रोड के बाएं साइड पर बने कुंड से पानी पीने चला गया तथा तभी वह कुंड में गिर गया। यह देखकर अपने भाई बचाने के लिए दौड़ा तथा शोर शराबा किया तो मांगला गांव की ग्रामीण पहुंचे और कुंड से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

उंची सड़क निर्माण से घरों की पानी निकासी की समस्या

सादुलपुर, (निसं)। नवनिर्मित सड़क झुन्झुनूं राजगढ के कारण शहर के धनरूप नगर, लक्ष्मी नगर व ज्योति नगर के घरों में उत्पन्न हुई पानी निकासी की मांग को लेकर मंगलवार उपखण्ड अधिकारी राजगढ सुशील कुमार सैनी ने क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया।

वार्डवासियों ने उपखण्ड अधिकारी सुशील कुमार सैनी को बताया कि सड़क को 03-04 फीट ऊंचा उठाने के कारण धनरूप नगर, लक्ष्मी नगर व ज्योति नगर आदि उक्त कॉलोनियों के लगभग 300 घरों में जल निकासी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है तथा कॉलोनी से निकलने के लिए पानी निकासी अभाव में गलिया बन्द होने से आवागमन बाधित हो गया है। जिस पर उपखण्ड अधिकारी सुशील कुमार सैनी ने घटना का मौका निरीक्षण कर मोहल्लेवासियों को आश्वासन दिया है कि 07 अगस्त को पीडब्लूडी के अधिकारी सडक निर्माण संबन्धित ठेकेदार को साथ लेकर आयेंगे और पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व सैनिक संघ राजगढ के अध्यक्ष जगत सिंह, उपाध्याय सुबेदार मोहरसिंह, राजेन्द्र सिंह पूनिया, जागे राम प्रजापत, सुरेन्द्र सिंह, अरविंद, चांदमल, कॉमरेड रणसिंह, भगतसिंह, सतपाल, जयवीर, बनवारी लाल जाखड, महेन्द्र, प्रताप व घासी राम आदि सहित मौहल्ले के लोग मौजूद थे।

उपखण्ड अधिकारी सुशील कुमार सैनी ने पानी निकासी बन्द होने पर मौका निरीक्षण किया।

सूने मकान में हुई चोरी

सुजानगढ़, (निसं)। शहर के इंद्रगिरी आश्रम रोड पर एक बंद घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीडित मकान मालिक रामदेव खोड ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 3 अगस्त को नागौर कथा सुनने गए थे। 5 अगस्त को पडोसी ने घर के ताले टूटे होने की सूचना दी। जिस पर मौके पर आकर देखा तो घर के मुख्य प्रवेश द्वार व दो कमरों के ताले टूटे मिले। घर मालिक रामदेव ने बताया कि चोर दो सोने की गलसरी, एक कंठी, चार चूडियां, 3 पायजेब, 2 बिछुडी और 70 से 75 हजार की नगदी चुरा कर ले गए। चोरी की सूचना पर कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल सतवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

NAME CHANGE

I, SAROJ W/O RAJENDAR KUMAR, R/O WARD 26, RAMBAS, RAJGARH TEHSIL- RAJGARH, DISTRICT - CHURU (RAJASTHAN) do hereby solemnly affirm on oath and state as follows That in my Aadhar Card (Aadhar No. 226881870720) my name mentioned is SAROJ,. That in my PAN Card (No. CKOPS2181J) my name is mentioned as SAROJ SAINI.That SAROJ and SAROJ SAINI pertains to one and the same person. **DEPONENT Saroj Saini**

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री प्रीती (PREETI) के स्कूल रिकॉर्ड में भूलवश पिता का नाम राजेश (RAJESH) दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पुत्री प्रीती के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में पिता का नाम राजेश कुमार (RAJESH KUMAR) दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है। अब मैं मेरी पुत्री के स्कुल रिकॉर्ड में पिता का नाम राजेश (RAJESH) गलत नाम के स्थान पर सही नाम राजेश कुमार (RAJESH KUMAR) दर्ज करवाना चाहती हूँ, जो किया जावे।

शपथग्रहिता
अनीता उम्र 38 साल पत्नी राजेश कुमार जाति जाट निवासी राधा छोटी तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.)

नाम परिवर्तन

मैं राजेंद्र कुमार पुत्र श्री शंभू राम जाति ढोली निवासी चारणवासी तह. व जिला चूरू (राज.) की हूं जो की शपथ पूर्वक बयान करती हूं। यह कि मेरे पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम अलका अंकित है व पिता का नाम राजेंद्र थोला अंकित है व माता का नाम शीला देवी अंकित है जो कि विद्यालय रिकॉर्ड में भूलवंश माता पिता का नाम गलत अंकित हो गया। यह कि मेरे स्वयं के आधार कार्ड एवं पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजेंद्र कुमार अंकित है एवं माता का नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में शीला अंकित है। यह कि विद्यालय रिकॉर्ड में दर्ज राजेंद्र कुमार थोला के स्थान पर अब राजेंद्र कुमार व माता का नाम शीला अंकित करवाना चाहता हूं। यदि कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी मेरे स्वयं की होगी। यह की विद्यालय रिकॉर्ड में पिता का नाम राजेंद्र कुमार व माता का नाम शीला दर्ज किया जावे।

शपथ ग्रहिता राजेंद्र कुमार

सूचना मनके श्री माणकचंद पुत्र श्री आदुराम उम्र 49 वर्ष जाति मेघवाल निवासी ग्राम बुचावास तहसील तारानगर जिला चुरु राज. का हूं। जो कि मैं मुकीर इस वक्त करीबन 49 वर्ष का हो गया हूं और मेरे कोई संतान नही है, बुढ़ापे में सेवा चाकरी करने व रोटी कपड़ा देने वाले की हर वक्त जरूरत रहती है, पंकज कालवा पुत्र शेर सिंह उम्र 14 वर्ष जाति मेघवाल निवासी ग्राम बुचावास तहसील तारानगर जिला चूरू जो कि मेरा सगा भतीजा लगता है जो बचपन से ही मेरे पास रहकर के मेरी व मेरी स्त्री की सेवा चाकरी नेक नियत व वफादारी के साथ करता आ रहा है एवं मेरे व मेरी स्त्री के कहन व कथन में बराबर चला आ रहा है मुझे यह भी पूरा विश्वास हो गया है कि पंकज कालवा मेरे साथ मेरे घर पर रह करके मेरी व मेरी स्त्री को सेवा चाकरी नेक नियत व वफादारी के साथ करेगा और मेरी आज्ञा का पालन करेगा।

शपथ ग्रहिता माणकचंद/ शेर सिंह

बिजली, पानी की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया

सीकर, (निसं)। मातृभूमि सेवा संस्थान राजस्थान जिला सीकर के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर संस्थान के संरक्षक समाजसेवी डॉक्टर बी एल एचरा तथा समाजसेवी एड.गोकुलचंद गोदारा के नेतृत्व में आमजनता ने रैली निकालकर जिला कलेक्टर पर विरोध प्रदर्शन किया।

डॉ बी एल एचरा बताया कि खंडेला में पानी के बिलों की समस्या तथा कई वार्ड में पीने के पानी की समस्या और जल जीवन मिशन योजना में हुई धांधली को लेकर पहले भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया था ।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई । इसलिए फिर से आम जनता ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है फिर भी समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन

■ **समस्या समाधान के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

करना पड़ेगा। एड. गोकुलचंद गोदारा ने बताया कि सीकर से खंडेला वाया संगरवा बराल, श्यामगढ़, गुरारा, रूट पर डबल सड़क बनी है तथा बस सेवा नहीं होने के कारण आसपास के 25 गांव के मजदूर, विद्यार्थी, आमजन परेशान है इसलिए अति शीघ्र रोडवेज बस सेवा चालू की जावे। खंडेला में 10 साल पुराने पानी के बिलों की समस्या को लेकर बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद भी जलदाय विभाग खंडेला के अधिकारियों की मनमर्जी के कारण समस्या का समाधान नहीं हुआ है। खंडेला के राजकीय उप जिला अस्पताल में ब्लड बैंक चालू किया जाए तथा हड्डी का डॉक्टर लगाया जाए। ग्राम शामगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खाली पदों को भरा जावे। ग्राम फतेहपुरा भोमियांन में जल जीवन मिशन योजना के तहत ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन 6 इंच गहरी की गई तथा सीमेंट सड़क तोड़कर चला गया। उस पाइपलाइन को गहरी की जाए तथा सड़क की मरम्मत की जाने की मांग की गई है। गांव में किसी भी घर में नल में टूटी भी नहीं लगाई गई। 1 साल से ठेकेदार द्वारा लगाई गई ट्यूबवेल बंद पड़ी है उसे चालू किया जाए। खंडेला शहर में मुस्लिम महिलाओं का आर्थिक शोषण फर्जी फाइनेंस कंपनियों द्वारा लोन के नाम पर किया जा रहा है।

बच्चों को खिलाई आयरन की गोली

सीकर, (निसं)। राज्य सरकार के अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत हर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाता है। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य सभी वर्ग के लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से इस दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खून की मात्रा की जांच की जाती है और खून बढ़ाने की गोली दी जाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सिरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई।

पिता की स्मृति में 151 पौधे लगाए

चूरू, (कासं)। निकटवर्ती रतननगर कस्बे में सिद्धपीठ ओंकार आश्रम के आगे रोड़ के बीच बने डिवाइडर की खाली जगह में पिता की स्मृति में उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर बेटे ने पौधे लगाये। सामाजिक संस्था ब्राह्मण जनहित संस्थान परशुराम भवन के अध्यक्ष रहे नंदकिशोर डिडवानिया की स्मृति में उनके बेटे सीए गुलजार डिडवानिया ने हरियालो राजस्थान अभियान से प्रेरित होकर ट्री गार्ड लगाकर 151 पौधे लगाए, जिनका लोकार्पण सीए गुलजार डिडवानिया की माता शकुंतला देवी व चाचा प्रदीप डिडवानिया ने किया। इस मौके पर राजेंद्र धरेंद्रा, संपतलाल कटारिया, रामरतन कटारिया, राधेश्याम कटारिया आदि ओंकार आश्रम प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सत्यप्रकाश शर्मा, सावित्री देवी, इंद्रा देवी, ओमप्रकाश शर्मा, पवन शर्मा, नथमल शर्मा, सौरभ, रूही देवी आदि डिडवानिया परिवार के सदस्य तथा भामाशाह राजेंद्र हीरावत, एडवोकेट अरविंद मिश्रा, जेपी जोशी, गौरव शर्मा, पार्षद ओम जांगिड़, मनसुख सहल, गोपाल जालान, पवन यादव, देवेन्द्र सिंह राठौड़, असगर खान, रफीक खान आदि मौजूद थे।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ (राज.)

Fax No.: 01537-250043, Email: nprawatsar1977@gmail.com, Phone No.: 01537-250043

क्रमांक-न.पा.रा./भूमि/2024/ **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार जाति बिश्नोई निवासी मैनावाली तहसील व जिला हनुमानगढ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर वार्ड नं. 21 में भूखण्ड साईज 401.70 वर्गगज में से 200.87 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री भूपसिंह, कृष्ण पुत्र बृजलाल विश्नोई के नाम से जारीशुदा हैं। श्री कृष्ण ने जरिये पंजिकृत दान-पत्र दिनांक 03.05.2024 को अपने 1/2 हिस्से का भाग व्यवसायिक 114.87 वर्गगज व आवासीय 85.97 वर्गगज कुल का श्री प्रमोद कुमार पुत्र कृष्ण कुमार को दान कर दिया। जिसका प्रार्थीगण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अत उक्त भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा) अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

रैपिड एक्शन फोर्स ने परिचय अभ्यास किया

सुजानगढ़, (निसं)। रैपिड एक्शन फोर्स की 83 नं. बटालियन ने कोतवाली थाने पहुंच कर परिचय अभ्यास किया।

आर.ए.एफ के कमांडेट कुलदीप कुमार जैन एवं उप कमांडेट संजय कुमार निर्मल ने थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मीणा के साथ परिचय अभ्यास किया। उप कमांडेट संजय कुमार निर्मल ने बताया कि इस अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों सहित विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा आदि की लिस्ट तैयार करवाई जाएगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का दंगा, सांप्रदायिक घटना या प्राकृतिक आपदा होने पर ज्यादा कारगर तरीके से स्थिति पर नियंत्रण कर कार्रवाई की जा सके। आरएएफ द्वारा क्षेत्र के राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों की जानकारी भी प्राप्त की जायेगी। द्रुत कार्यबल द्वारा सभी क्षेत्रों का सांकेतिक मानचित्र बनाया जायेगा।

जिससे अप्रिय स्थिति होने पर मानचित्र की सहायता से नियंत्रण के लिए नियुक्त स्थान पर तत्काल सुविधा पहुंच सके। इस अभ्यास के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्राकृतिक आपदा, सामाजिक परिवेश, समाज में अशांति उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारणों का गहन अध्ययन कर डाटा इकट्टा किया जाता है।

कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया

चूरू, (कासं)। राजलदेसर कस्बे के बण्डवा रोड़ स्थित आपणो बाबा धाम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी और विशिष्ट अतिथि रतनगढ़ एसडीएम अमित वर्मा, राजलदेसर तहसीलदार कालूराम, भामाशाह बाबूलाल दूधेड़िया, नोरतमल दूधेड़िया ने वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि इस बार राजस्थान में अत्यधिक गर्मी पड़ी है। जिसको देखते हुए राजस्थान सरकार

■ **तीज महोत्सव पर छात्राओं को किया सम्मानित**

द्वारा वृहद्ध स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। ताकि हमारा चूरू हरा भरा रह सके। इसी के तहत आज राजलदेसर में पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया है। भामाशाह बाबूलाल दूधेडिया ने बताया कि राजलदेसर को हरा भरा रखने के लिए सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। मंदिर परिसर और श्री यूनियन क्लब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर में हजार से भी ज्यादा पौधे लगाये जायेंगे और उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी दी जाएगी। विद्यालय में श्रावणी तीज महोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। और 40 बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया है। विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री दी गई। विद्यालय की 36 गार्गी पुरस्कार की चयनित बालिकाओं को मेडल पहनाकर अतिथियों ने सम्मानित किया। आरती शर्मा ने छात्राओं को 250 पौधे वितरित किए किये। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बेटियों को संस्कार व संस्कृति के साथ कठोर परिश्रम करने का संदेश दिया। साथ सभी से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आव्हान किया। इस अवसर पर नोरतमल दुधेड़िया, मुंबई से महेंद्र शर्मा जयपुर से पवन शर्मा, सुशील फोगला, भजनलाल पारीक, पवन बोथरा, प्रमोद मारू, रतनलाल मेघवाल, गिरधारी सिंह राठौड़, सुरेश कुमार फोगला, व्याख्याता विमला चौधरी व्याख्याता इन्द्र सिंह फगेड़िया, मोनिका शर्मा, अध्यापक युनुस गौरी, अशोक भास्कर, आरती शर्मा, पीकीं मंडल आदि उपस्थित थे।

चूरू जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने आपणो बाबा धाम में पौधारोपण किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे — **कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति हेतु जन सूचना**

नं. 91 आर बी /हॉल्ट एजेंट/सीतलनगर/नोटिस/24, दिनांक 05.08 2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मण्डल के निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशन के संचालन हेतु पाँच वर्ष की अवधि के लिए हॉल्ट स्टेशन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से, जो उस जिले के निवासी हो, जिसमें हॉल्ट स्टेशन स्थित है, तथा जो कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट के रूप में कार्य करने के इच्छुक हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्रम.सं.	हॉल्ट स्टेशन का नाम
1	सीतलनगर

आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष दिनांक 04.09.2024 तक तथा दसवी पास हो। आवेदन पत्र मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल कार्यालय में दिनांक 04.09.2024 को 17 बजे तक पहुँच जाने चाहिए। दिनांक 04.09.2024 (04 सितम्बर 2024) के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रार्थी आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे (स्वयं द्वारा सत्यापित) **(1)** दसवी पास शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र **(2)** आयु का प्रमाण पत्र (18 वर्ष से अधिक) **(3)** सरकारी अस्पताल के द्वारा जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जिसमें स्पष्ट हो कि उनमें कार्य करने की क्षमता है तथा वे किसी बीमारी से पीड़ित नहीं है **(4)** पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र **(5)** स्थानीय निवासी का जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट से जारी मूल निवास प्रमाण पत्र। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी www.nwr.indianrailways.gov.in वेबसाइट से अथवा वाणिज्य शाखा, मण्डल कार्यालय, बीकानेर में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

915-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय ग्राम पंचायत लूंछ, पंचायत समिति रतनगढ़

क्रमांक-44-48 दिनांक-05.08.